दिल्ली पुलिस समाचार

अंक-114 जनवरी-फरवरी अंक-2017 पंजी० सं० आर-43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका



AT Home (सत्कार समारोह)

17, मदर टेरेसा क्रीसेंट मार्ग स्थित राजपत्रित अधिकारी मैस में आयोजित सत्कार समारोह में महामहिम राष्ट्रपति एवं समारोह के मेज़बान की गरिमामयी उपस्थिति



दिल्ली पुलिस को और अधिक संवेदनशील और सेवान्मुखी बनाने के बेहतर प्रयास करने होंगे

– श्री अमूल्य पटनायक, पुलिस आयुक्त

31 जनवरी, 2017 को पुलिस आयुक्त का पदभार संभालने के बाद **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि मुझे भारत की श्रेष्ठतम पुलिस, दिल्ली पुलिस का नेतृत्व करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंनें कहा कि मुझे इससे ज्यादा खुशी इस बात की है कि मेरा जो एक स्वपन है कि मैं दिल्ली पुलिस को जनता के दिलों में एक दोस्त पुलिस के रूप में स्थापित कर सकूं, उस स्वप्न को पूरा करने के लिए मुझे आप जैसे अनुभवी, अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारियों और कर्मियों की टीम मिली है। उन्होंने कहा कि मैंने वर्षो दिल्ली पुलिस के अधिकांश महत्वपूर्ण पदों पर काम करते हुए इसकी कार्यशैली, प्रशासनिक स्तर पर सुधार की गुंजाइश, पुलिसकर्मियों की समस्याओं और कल्याणार्थ कार्यो के बारे में करीब से जाना है। आप सभी को विश्वास दिलाता हूँ कि मैं अपने लम्बे अनुभव, परिश्रम और आपके अनुभवों के आधार पर दिल्ली पुलिस को नई बुलंदियों पर ले जाने का सतत् प्रयास करूंगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि आज दिल्ली पुलिस ने देश के पुलिस बलों में जो शीर्षस्त स्थान हासिल किया है उसमें आप सबकी, हमारे पूर्व नेतृत्व की तथा पूर्व अधिकारियों एवं कर्मियों के कठिन परिश्रम, कर्तव्यनिष्ठा एवं पेशेवर निपुणता की अहम भूमिका रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों दिल्ली पुलिस में विभिन्न पदों पर हुई हजारों पदोन्नतियों से दिल्ली पुलिस फोर्स में एक नए जोश और उत्साह का संचार हो रहा है, जो शिकायतकर्ताओं और पीड़ितों के हक में तथा अपराधियों के खिलाफ काम करेगा। मेरा मानना है कि आज की दिल्ली पुलिस एक नई सोच और आधुनिक तकनीक पर काम करने वाली पुलिस है जो नागरिकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं, योजनाओं और मापदंडों को सक्षमता के साथ पूरा कर रही है।

पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने पिछले कुछ वर्षो में बहुत सी नई योजनाओं की शुरूआत की है जिन्हें देश के पुलिस संगठनों में ही नहीं बल्कि विदेशों तक में सराहा गया है। हमें अपनी उन सभी योजनाओं को पूरी दृढ़ता और ईमानदारी के साथ आगे ले जाना है। हालांकि दिल्ली पुलिस के समक्ष नित्य नई नई चुनौतियाँ होती हैं चाहे वह कानून–व्यवस्था से संबंधित हो, महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गो की सुरक्षा हो, वीआईपी सुरक्षा हो, विशाल यातायात का संचालन हो या आतंकवादियों एवं खूंखार अपराधियों की धर–पकड़ हो, हर अधिकारी व कर्मी अपना श्रेष्ठ योगदान देकर ऐसी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करता है।

पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि पुलिस द्वारा नागरिकों को बेहतर सेवा देने के लिए नागरिकों का सहयोग भी सदैव अपेक्षित रहता है। इसके अलावा ऐसा कोई भी अपराध जिसे पुलिसकर्मी घटित होने से रोक सकते हैं, उसे रोकने के लिए अपना शत–प्रतिशत योगदान देना चाहिए। पुलिस को समाज में ऐसी अनुकरणीय सेवा देनी चाहिए कि न केवल नागरिकों में बल्कि देश के शीर्षस्थ नेतृत्व तक यह संदेश जाए कि दिल्ली पुलिस पूर्णतया जनसेवा को समर्पित है। इसके साथ ही पुलिस जनता के साथ अपने परस्पर रिश्तों को और मजबूत एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गो की सुरक्षा के प्रति पुलिस की संवदेनशीलता और प्रतिबद्धता को हर पुलिसकर्मी को हमेशा अपने जहन में रखना चाहिए। दिल्ली में महिलाओं के लिए सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षात्मक माहौल बनाने के लिए पुलिस को स्वयं सेवी संगठनों, पुलिस मित्रों, समाज के जागरूक नागरिकों व महिला संगठनों की मदद लेकर अपनी प्रतिबद्धता पर खरा उतरना चाहिए।

पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि प्रशासन दिल्ली पुलिस कर्मियों के कल्याणार्थ किये जाने वाले हर काम पर गंभीरता से कार्य करेगा चाहे वह उनकी पदोन्नति हो, बारी से पहले तरक्की हो, आवासीय समस्या हो, छुट्टियाँ हो, थानों/बैरिकों/पुलिस लाइनों में रहने वाले कर्मियों के लिए गुणवत्ता वाले भोजन की व्यवस्था हो, बाहर सड़कों पर यातायात पुलिस की और इलाकों में काम करने वाले स्थानीय पुलिसकर्मियों की ड्यूटियों से संबंधित कोई भी समस्या हो उसे पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना जाएगा तथा उन समस्याओं का समाधान ढूंढा जाएगा ताकि इस नए जोश व मनोबल को बरकरार रखा जा सके।

श्री अमूल्य पटनायक जी ने पुलिसकर्मियों को समयबद्ध 3 पदोन्नतियाँ मिलने के प्रस्ताव की मंजूरी पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सेवाकाल के दौरान पदोन्नतियाँ मिलने से पुलिसकर्मियों के आत्मसम्मान, सामाजिक प्रतिष्ठा और अपने कार्य के प्रति उत्साह में वृद्धि होगी। माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल से पदोन्नति प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब सिपाही 15 वर्ष की सेवा के बाद प्रधान सिपाही, 25 वर्ष की सेवा के बाद प्रधान सिपाही से स0उ0नि0 (बशर्ते 5 वर्ष प्रधान सिपाही पद पर सेवा की हो), 30वर्ष में स0उ0नि0 से उप–निरीक्षक (बशर्ते 6 वर्ष स0उ0नि0 पद पर सेवा की हो) तथा सीधे प्रधान सिपाही पद पर भर्ती होने वाले पुलिस कर्मचारियों को भी 30 वर्ष की सेवा के बाद निरीक्षक पद पर पदोन्नति (बशर्ते 6 वर्ष उप–निरीक्षक पद पर सेवा की हो) देने का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि हर पुलिसकर्मी की समस्या को गंभीरता के साथ सुना जाएगा और उस पर यथासंभव सकारात्मक विचार भी किया जाएगा परन्तु किसी भी ऐसे कृत्य को बर्दास्त नहीं किया जाएगा जिससे समस्त विभाग की छवि को धक्का लगे। अंत में उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को अपनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आप एवं आपके परिजन सदैव खुशहाल रहें और आप सब अपनी ईमानदारी, परिश्रम, पेशेवर निपुणता और निष्पक्षता के साथ काम करते हुए दिल्ली पुलिस को नई बुलंदियों पर ले जाने में सफल हों।

हमारे भूतपूर्व पुलिस आयुक्त

1 जुलाई, 1978 को दिल्ली में पुलिस आयुक्त प्रणाली (Commissionrate System) लागू होने के बाद से अब तक के सभी पुलिस आयुक्तों की सेवाकाल अवधि इस प्रकार है।



श्री. जे.एन. चतुर्वेदी
अक्टूबर 1977 से जनवरी 1980



श्री पी.एस भिंडर
जनवरी 1980 से दिसम्बर 1981



श्री बजरंग लाल
दिसम्बर 1981 से अप्रैल 1983



स्व. श्री सुभाष चंद टंडन
अप्रैल,1983 से नवम्बर, 1984



श्री एस.एस. जोग
नवम्बर, 1984 से अप्रैल, 1985



श्री वेद मारवाह
अप्रैल, 1985 से अप्रैल, 1988



श्री राजा विजय करण
अप्रैल, 1988 से दिसम्बर 1990



श्री अरूण भगत
दिसम्बर, 1990 से फरवरी, 1992



श्री एम.बी कौशल
फरवरी, 1992 से जनवरी, 1995



श्री निखिल कुमार
जनवरी, 1995 से मार्च, 1997



श्री टी.आर. कक्कड़
अप्रैल, 1997 से मई, 1998



श्री वी.एन. सिंह
मई, 1998 से जून, 1999



श्री अजयराज शर्मा
जुलाई, 1999 से जून, 2002



श्री आर.एस. गुप्ता
जुलाई, 2002 से फरवरी, 2004



डॉ. के.के. पाल
फरवरी, 2004 से जुलाई, 2007



श्री वाई.एस.डडवाल
जुलाई, 2007 से नवम्बर 2010



श्री ब्रिजेश कुमार गुप्ता
नवम्बर 2010 से जून 2012



श्री नीरज कुमार
जून 2012 से 31 जुलाई, 2013



श्री भीम सैन बस्सी
जुलाई 2013 से फरवरी 2016



श्री आलोक कुमार वर्मा
फरवरी 2016 से 31 जनवरी 2017

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने पुलिस आयुक्त का पदभार गृहण करने के बाद देश के शीर्षस्थ नेतृत्व से शिष्टाचार भेंट की



महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी से शिष्टाचार भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा अध्यक्ष श्री हामिद अंसारी से शिष्टाचार भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



शिष्टाचार भेंट के दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



केन्द्रीय गृह सचिव श्री राजीव महर्षि से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त

पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा के सम्मान में विदाई परेड समारोह

पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा को देश की श्रेष्ठ एवं प्रतिष्ठित जांच एजेंसी सीबीआई का निदेशक नियुक्त किए जाने पर 31 जनवरी, 2017 को नई पुलिस लाईन, किंग्जवे कैम्प में भव्य विदाई परेड का आयोजन किया गया। श्री आलोक कुमार के सम्मान में आयोजित इस विदाई परेड में दिल्ली पुलिस की कई यूनिटों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्बोधित करते हुए श्री वर्मा ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों और सफलताओं का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे गर्व है कि मुझे देश के सर्वोत्तम पुलिस बलों में से एक दिल्ली पुलिस का नेतृत्व करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि मैं सदैव कामना करूंगा कि दिल्ली पुलिस सफलताओं की बुलंदियों को छुए और दिल्ली वासियों की सुरक्षा करने में और उनका विश्वास अर्जित करने में कामयाबी हासिल करें।



परेड का निरीक्षण करते हुए पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा



परेड में मार्च-पास्ट करते हुए महिला पुलिसकर्मियों का दस्ता



परेड मैदान में पुलिस आयुक्त का सम्मान करते हुए विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.एस. कृष्णैया एवं तत्कालीन संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री संजय सिंह



विदाई परेड समाप्ति के बाद तत्कालीन पुलिस आयुक्त एवं वर्तमान पुलिस आयुक्त के साथ अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का सामूहिक चित्र



नए पुलिस आयुक्त को पदभार सौंपने से पूर्व पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा द्वारा दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ की गई मुलाकात का सामूहिक चित्र।

दिल्ली पुलिस परिवार के 21वें नवनियुक्त मुखिया श्री अमूल्य पटनायक

दिल्ली पुलिस एवं संघ शासित राज्यों में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपने कर्तव्य का सफलतापूर्वक निर्वाह करने वाले 1985 बैज के **वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्री अमूल्य पटनायक** ने 31 जनवरी, 2017 को 21वें पुलिस आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। दिल्ली पुलिस परिवार में परिश्रमी, ईमानदार, पेशेवर निपुण, सौम्य व गंभीर प्रवृति के पुलिस अधिकारी की छवि रखने वाले श्री अमूल्य पटनायक सामाजिक विज्ञान में स्नातकोत्तर करने के बाद वर्ष 1985 में भारतीय पुलिस सेवा में चयनित हुए। वर्तमान में विशेष पुलिस आयुक्त (प्रशासन) के पद से पदोन्नत होकर पुलिस आयुक्त बने श्री अमूल्य पटनायक ने अपना कैरियर एसीपी (आईपीएस) (साउथ) से शुरू किया। वर्ष 1988 में एसीपी नजफगढ़ और वर्ष 1993 में दिल्ली से बाहर तैनात रहते हुए वर्ष 1994 में अति. उपायुक्त पुलिस के पद पर पदोन्नत हुए और मध्य जिला में अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। वर्ष 1994 से 1997 तक उपायुक्त पुलिस पूर्वी जिला, वर्ष 1998 में उपायुक्त पुलिस दक्षिणी जिला के पद पर सफलतापूर्वक कार्य करने के उपरान्त वर्ष 1998 से वर्ष 2008 तक मिजोरम व प्रतिनियुक्ति पर एसपीजी में क्रमशः तैनात रहे। वर्ष 2008 में प्रतिनियुक्ति से वापस दिल्ली पुलिस में आने पर संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) के महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वाह किया व इस कसौटी पर खरे उतरे। वर्ष 2010 से 2012 तक दक्षिणी परिक्षेत्र के प्रभारी रहने के बाद वर्ष 2012 में विशेष पुलिस आयुक्त पद पर पदोन्नत हुए और विशेष पुलिस आयुक्त सतर्कता शाखा के पद पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वर्ष 2012 से 2014 तक मिजोरम में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस के पद को सुशोभित करने के बाद वर्ष 2014 से 2016 तक विशेष पुलिस आयुक्त (सतर्कता) के साथ–साथ कई अन्य महत्वपूर्ण पदों के अतिरिक्त प्रभार को भी सहजता से अंजाम दिया और तत्पश्चात वर्ष 2016 में विशेष पुलिस आयुक्त (प्रशासन) पर काम करते हुए अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया।

पिछले दिनों दिल्ली पुलिस में भारी संख्या में हुई पदोन्नतियों की रूपरेखा तैयार करने में भी श्री अमूल्य पटनायक की अहम भूमिका रही। इसके अलावा दिल्ली पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों के लिए आयोजित हुए विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाली दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की तत्कालीन उपाध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने भी उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय भूमिका निभाई थी। वर्ष 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा की गई रेलयात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने में एसपीजी में आईजी के तौर पर काम करते हुए श्री अमूल्य पटनायक ने अहम भूमिका निभाई थी।

मूलरूप से भुवनवेश्वर (उड़ीसा) के रहने वाले नवनियुक्त पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक को विभिन्न मौकों पर उनकी कार्यकुशलता, सक्षमता और पेशेवर निपुणता के साथ–साथ सराहनीय सेवाओं व विशिष्ठ सेवाओं के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष 2015 में उन्हें उनकी ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और समपर्ण भाव के लिए **"जी–फाईल एक्सीलेंट कंट्रीब्यूशन"** जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।



गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित नवनियुक्त पुलिस आयुक्त



पुलिस आयुक्त कार्यालय में नए पुलिस आयुक्त का स्वागत करते हुए तत्कालीन पुलिस आयुक्त



पदभार ग्रहण करते हुए नवनियुक्त पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



पदभार ग्रहण करने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए श्री अमूल्य पटनायक

70वां दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ

केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री हंसराज गंगाराम अहीर ने मुख्य अतिथि के तौर पर परेड की सलामी ली





16 फरवरी, 2017 को दिल्ली पुलिस के 70वें स्थापना दिवस के मौके पर एक भव्य एवं शानदार परेड का आयोजन किया गया। परेड प्रारंभ होने से पहले **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** के परेड ग्राउंड पहुंचने पर **विशेष पुलिस आयुक्त (सशस्त्र पुलिस) श्री आर.एस. कृष्णैया** ने उनकी आगवानी की और उन्हें मंच तक ले गये। समारोह के मुख्य अतिथि **केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री हंसराज गंगाराम अहीर** के समारोह स्थल पर पहुंचने पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया और उन्हें मंच पर ले गये।

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री हंसराज गंगाराम अहीर का दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस पर आतिथ्य स्वीकार करने पर आभार प्रकट किया। तत्पश्चात उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि दिल्ली पुलिस दिल्ली के नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध है, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर। अपने नए संकल्पों और जोश के साथ दिल्ली के नागरिकों की सुरक्षा में अपने आपको और अधिक समर्पित करते हुए दिल्ली पुलिस अपनी प्रतिबद्धता को दोहराती है। उन्होंने कहा मैं भारत सरकार के प्रति अपना आभार भी व्यक्त करता हूँ कि मुझे देश के एक श्रेष्ठ और विशाल पुलिस बल का नेतृत्व करने का सुअवसर दिया। मैं अपने लम्बे अनुभव, क्षमता, कठिन परिश्रम और अपने अनुभवी सहयोगी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर दिल्ली पुलिस को नई बुलंदियों पर पहुंचाने का सतत् प्रयास करूंगा।



स्थापना दिवस परेड का निरीक्षण करते हुए मुख्य अतिथि

दिल्ली पुलिस ने पिछले कुछ वर्षों में कई ऐसी नई पहल की हैं जिन्हें देश के पुलिस संगठनों के साथ–साथ विदेशों में भी सराहा गया है। दिल्ली पुलिस ने आधुनिक तकनीक को अपनी कार्यशैली में शामिल करते हुए जनहित में कई एप्स व योजनाओं की शुरूआत की है। चाहे वह लॉस्ट रिर्पोट हो, पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट वेब एप्लीकेशन हो, ट्रैफिक पुलिस की मोबाइल एप्लीकेशन व अपग्रेडिड वेबसाइट हो, हिम्मत एप,





पुलिस पदक से अलंकृत करते हुए मुख्य अतिथि



वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा एप हो, रेलयात्रियों, महिलाओं, बुजुर्गों के लिए विशेष हेल्पलाइन हो या फिर भ्रष्टाचार के पूर्णतया उन्मूलन की निःशुल्क हेल्पलाइन हो, महिलाओं/छात्राओं को निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण हो, पुलिसकर्मियों को Gender issues के प्रति जागरूक करना हो, ऑपरेशन भरोसा हो, ऑपरेशन शिष्टाचार हो, निर्भीक अभियान हो या महिलाओं में आत्मविश्वास जागृत करने के उद्देश्य से विशेषतौर पर महिला पीसीआर वैन की शुरूआत हो, पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों एवं छात्रों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध करने हो।

उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस डिजिटलाइजेशन की कई योजनाओं पर काम करते हुए नागरिकों से सीधा सम्पर्क स्थापित करेगी। डिविजन और बीट अफसर जनता से ज्यादा मित्रवत संबंध स्थापित करने पर जोर दें, इसके लिए बीट अफसरों की भूमिका की समय–समय पर समीक्षा की जाएगी। यह भी सुनिशिचित किया जाएगा की नागरिकों की शिकायतों का जिला स्तर पर निपटारा हो।

मुख्य अतिथि **केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री हसंराज गंगाराम अहीर** ने नव–नियुक्त **उप–राज्यपाल श्री अनिल बैजल** और नवनियुक्त **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** को बधाई देते हुए कहा कि मैं आशा करता हूँ कि इन दोनों के अपार अनुभव एवं कुशल नेतृत्व में दिल्ली के नागरिक स्वयं को और ज्यादा सुरक्षित महसूस करेंगे। उन्होंने कहा कि आज भारतवर्ष में कुछ बाह्य व आतंरिक देशविरोधी शक्तियाँ देश की शांति को अस्थिर करने के साथ–साथ देश की तरक्की के रास्ते में भी रोड़े अटकाने का प्रयास कर रही हैं। मैं कहना चाहूँगा कि जैसी विकट चुनौतियाँ देश की सीमा पर हमारे सामने हैं, वैसी ही कुछ आतंरिक चुनौतियाँ भी हमारे सुरक्षा बलों के लिए कठिनाईयाँ उत्पन्न कर रही है। ये चुनौतियाँ चाहे उग्रवाद के रूप में हो या फिर असामाजिक तत्वों द्वारा उत्पन्न की गई हो। इन चुनौतियों से दिल्ली पुलिस भी अछूती नही है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली जैसे घनी आबादी व लाखों वाहनो वाले शहर में शांति–व्यवस्था बनाए रखना, आतंकवादियों, असामाजिक तत्वों, कुख्यात अपराधियों पर लगातार नजर रखना और संगीन अपराधों को सुलझाना और अपराधियों पर शिकंजा कसना पुलिस के लिए बहुत कठिन चुनौती है। दिल्ली में प्रतिदिन यातायात संचालन, VVIP Movement और Underprivileged कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों पर पैनी नज़र रखना भी किसी चुनौती से कम नहीं हैं।

उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की कि वर्ष 2016 के दौरान दिल्ली में अपराधों में काफी कमी आई है, न केवल संगीन अपराध कम हुए हैं बल्कि अन्य महत्वपूर्ण अपराधों में भी कमी आई है। डकैती में 38 प्रतिशत, हत्या के मामलों में 7 प्रतिशत, लूटपाट के मामलों में 35 प्रतिशत तथा फिरौती के मामलों में आई 36 प्रतिशत की कमी आपकी सजगता, पेशेवर निपुणता और कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाता है। इस मौके पर उन्होंने भारत आने वाले विदेशी यात्रियों का वीजा आधारित डेटा बनाये जाने पर भी जोर दिया। श्री अहीर ने कहा कि कभी–कभी विदेशी यात्री भारत में अपनी वीजा अवधि से ज्यादा ठहर जाते है और इस अवधि के दौरान वह अपराधों में भी शामिल हो जाते हैं।

समारोह के **मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री गंगाराम हंसराज अहीर** ने गतवर्ष 26 जनवरी, 2016 व 15 अगस्त, 2016 को



गतवर्ष गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पुलिस पदक से सम्मानित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को इस वर्ष पुलिस स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि ने पदक लगाकर अलंकृत किया। चित्र में : मुख्य अतिथि, पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण एवं पुलिस पदक से सम्मानित अधिकारीगण

स्थापना दिवस परेड में शामिल दिल्ली पुलिस बैंड की टुकड़ी





दिल्ली पुलिस में महिला सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण





केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री हंसराज गंगाराम अहीर ने दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक एवं डॉ. सुशी सिंह के मार्गदर्शन में समिति की कर्मचारियों द्वारा बनाए हस्त निर्मित कपड़ों, अचार, मधुबनी चित्रकारी, मोमबत्ती, मसाले, जूट निर्मित बैग आदि को प्रदर्शित किया गया।

पुलिस पदक से सम्मानित हुए 44 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के सीने पर मैडल लगाकर उन्हें सम्मानित किया। गतवर्ष वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित होने वालों में एसआई कृष्ण कुमार, एएसआई अजयवीर सिंह, हैडकां0 राजकुमार तथा हैडकां0 उमेश कुमार शामिल थे जबकि विशिष्ट सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित होने वालों में श्री सत्येन्द्र गर्ग (संयुक्त सचिव उत्तर–पूर्वी गृह मंत्रालय) श्री प्रवीर रंजन संयुक्त पुलिस आयुक्त (हेडक्वार्टर), श्री सुनील गर्ग (संयुक्त पुलिस आयुक्त सुरक्षा), श्री रणबीर सिंह (अति.आ.पु.सेवानिवृत्त), श्री रवि शंकर (उप–प्रधानाचार्य), इंस्पेक्टर रमेश कुमार व एसआई गिरधारी लाल। सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित होने वालों में एसीपी लक्ष्मी नारायण, एसीपी श्री प्रेम वल्लभ, एसीपी भारत भूषण, एसीपी श्री रविन्द्र कुमार त्यागी, एसीपी श्री ललित मोहन नेगी, एसीपी हृदय भूषण, इंस्पेक्टर शिवाजी चौहान, इंस्पेक्टर रमेशचन्द्र, इंस्पेक्टर मोहन लाल, महिला इंस्पेक्टर उषा रानी, महिला इंस्पेक्टर कौशल पांडे, इंस्पेक्टर रमेश कुमार शर्मा, एएसआई सत्यवीर सिंह, विजेन्द्र सिंह, महिला एसआई रिशाली देवी, एएसआई हरीश सिंह, एएसआई जगत सिंह, एएसआई ईश्वर सिंह, एएसआई पंकज नंदा, एएसआई मनोज वशिष्ठ, हैडकां0 योगेश प्रकाश गौड़ (दिवंगत), हैडकां. जगबीर सिंह एसआई धर्मबीर भारद्वाज, एसआई रमेश कुमार, एसआई करतार सिंह, एसआई धर्मबीर सिंह, एएसआई बालानाथ, एएसआई सतेन्द्र कुमार, एएसआई अवतार सिंह, एएसआई श्याम बाबू (सेवानिवृत्त), एएसआई साजिद अली, हैडकां0 नरेन्द्र पाल सिंह तथा महिला कां0 जसबीर कौर शामिल हैं।







दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक एवं समिति की वरिष्ठ पदाधिकारियों , गतवर्ष के पुलिस पदक विजेताओं, सर्वश्रेष्ठ थानों के थानाध्यक्षों तथा समारोह के मुख्य अतिथि और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का सामूहिक चित्र।

दिल्ली पुलिस का संक्षिप्त इतिहास

प्राचीन काल में किसी भी संगठित या अनुशासित पुलिस का इतिहास अस्तित्व में नहीं था। समय परिवर्तन के साथ–साथ पुलिस एक संगठित और अनुशासित स्वरूप में परिवर्तित होती गई। पुलिस का स्वरूप नगर कोतवाल से परिवर्तित होते हुए आज की आधुनिक पुलिस बल के रूप में उभर कर नागरिकों की सुरक्षा के प्रति समर्पित हैं। 1237 ईस्वीं में मलिक उल उमरा फखरूद्दीन को दिल्ली का पहला कोतवाल नियुक्त किया गया था और उनका मुख्यालय किला राय पिथौरा, वर्तमान में महरौली से संचालित होता था। 1297 ईस्वीं में सुलतान उल्लाउद्दीन खिलजी के समय मलिक उल मुल्क को दिल्ली का दूसरा कोतवाल नियुक्त किया गया। समय में बदलाव के साथ–साथ ब्रिटिश शासन काल के दौरान 1861 में पुलिस अधिनियम की स्थापना हुई। उस समय दिल्ली पुलिस पंजाब पुलिस का ही एक हिस्सा होती थी। वर्ष 1912 में दिल्ली के पहले चीफ कमिश्नर नियुक्त किये गये जिनको आई.जी. पुलिस का पद दिया गया। 16 फरवरी, 1948 को दिल्ली पुलिस अपने स्वतंत्र अस्तित्व में आई और श्री डी.डब्लू. मेहरा को दिल्ली पुलिस के पहले आईजी के रूप में नियुक्त किया गया।

वर्ष 1966 में तत्कालीन न्यायधीश श्री जी.डी.खोसला के नेतृत्व में एक आयोग का गठन किया गया। खोसला आयोग की रिपोर्ट के आधार पर 1 जुलाई, 1978 को दिल्ली पुलिस प्रणाली लागू की गई। तभी से दिल्ली पुलिस निरंतर लोकप्रिय, जनरक्षक, आधुनिक व अनुशासित पुलिस बल के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने लगी। अक्टूबर 1977 से जनवरी 1980 तक श्री जे.एन. चतुर्वेदी ने आई. जी पुलिस व पुलिस आयुक्त के तौर पर दिल्ली पुलिस का नेतृत्व किया।

वर्तमान में **श्री अमूल्य पटनायक** दिल्ली पुलिस के 21वें पुलिस आयुक्त के तौर पर दिल्ली पुलिस का नेतृत्व कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने निरंतर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली, कुशल पेशेवर निपुणता के साथ–साथ नागरिकों का विश्वास अर्जित करते हुए संसार की सबसे बड़ी महानगरीय पुलिस के रूप में स्वयं को स्थापित करने का गौरव हासिल किया है। फिलहाल दिल्ली पुलिस 6 परिक्षेत्रों 13 जिलों, 51 सब–डिविजन व 190 पुलिस थानों मे विभाजित होकर दिल्ली की कानून–व्यवस्था को संभाले हुए है।



वर्ष 1959 में प्रयोग किये जाने वाले वायरलेस सेट के साथ अश्व पर गश्त करते हुए पुलिसकर्मी की झलक

सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन

पूर्व की भांति इस वर्ष भी दिल्ली पुलिस के सभी थानों से रिकॉर्ड के रखरखाव, अनुशासन, साफ-सफाई और आपराधिक मामलों को सुलझाने की दर को ध्यान में रखते हुए 3 सर्वश्रेष्ठ थानों का चयन किया गया है। थाना कीर्ति नगर को सर्वश्रेष्ठ, थाना समयपुर बादली द्वितीय और थाना अशोक विहार को तृतीय सर्वश्रेष्ठ थाना घोषित किया गया।



इस वर्ष के सर्वश्रेष्ठ थाना कीर्ति नगर के थानाध्यक्ष अनिल कुमार को ट्राफी एवं 20 हजार रूपये नकद व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि



द्वितीय सर्वश्रेष्ठ थाना समयपुर बादली के थानाध्यक्ष अनिल समौता को ट्राफी ,15 हजार रूपये नकद एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि



थाना अशोक विहार के थानाध्यक्ष विरेन्द्र कादयान तृतीय सर्वश्रेष्ठ थाने की ट्राफी, 10 हजार रूपये नकद व प्रशंसा पत्र प्राप्त करते हुए।

माननीय गृहमंत्री द्वारा अलंकरण समारोह की डीवीडी लॉच





27, जनवरी 2017 को तत्कालीन पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा एवं नवनियुक्त पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह से भेंट की और उनके करकमलों द्वारा अलंकरण समारोह की डीवीडी का लॉच कराया। इस मौके पर संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री प्रवीर रंजन भी उपस्थित थे। स्मरण दिलाया जाता है कि दिल्ली पुलिस में 25827 पुलिसकर्मियों को मिली पदोन्नति की खुशी में 31 दिसम्बर, 2016 को आईजीआई स्टेडियम में अलंकरण समारोह सम्पन्न हुआ था जिसमें माननीय गृहमंत्री व दोनों केन्द्रीय गृहराज्य मंत्रियों एवं दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पदोन्नति पाये पुलिसकर्मियों को स्टार व फीत लगाकर सम्मानित किया था।

उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल का पुलिस मुख्यालय दौरा

20 जनवरी, 2017 को दिल्ली के **उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल** ने पुलिस मुख्यालय का दौरा किया। पुलिस मुख्यालय पहुंचने पर तत्कालीन **पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा** एवं वर्तमान **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने **श्री अनिल बैजल** का स्वागत किया और पुलिस मुख्यालय प्रांगण में गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। कॉफ्रेंस हॉल में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ हुई बैठक में उपराज्यपाल महोदय को दिल्ली में नागरिकों की सुरक्षा संबंधी प्रेजेंटेशन देने के साथ–साथ विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार–विमर्श हुआ। श्री बैजल ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजधानी की सुरक्षा में आधुनिक संसाधनों एवं तकनीक का उपयोग करते हुए नागरिकों, विशेष कर युवाओं को अपने साथ जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली जैसे व्यस्त शहर में अच्छी और मजबूत कानून व्यवस्था के लिए दिल्ली पुलिस को समय समय पर खुद को भी अपग्रेड करते रहना चाहिए। बैठक के दौरान श्री बैजल ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि राजनिवास से दिल्ली पुलिस को प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव सहयोग मिलेगा और बेहतरीन पुलिसिंग की मदद से आगे बढ़कर मदद की जायेगी। उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल ने सेंट्रल पुलिस कमांड रूम (सी4आई) और पुलिस नियत्रंण कक्ष का दौरा किया जहां **विशेष पुलिस आयुक्त श्री संजय बेनीवाल** ने सी4आई और पुलिस नियत्रंण कक्ष की कार्यपद्धति के बारे में विस्तार से बताया।









पूर्व पुलिस आयुक्त के सम्मान में भोज का आयोजन







1. पूर्व पूलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक 2. पुलिस स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक 3. सम्मान भोज कार्यक्रम को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाने तथा मंच संचालन करने में अहम भूमिका निभाते हुए उपायुक्त पुलिस श्री राजीव रंजन 4. पूर्व पुलिस आयुक्त को उपहार भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त 5. सम्मान भोज में शामिल महिलाओं का सामूहिक चित्र।





4 फरवरी, 2017 को 17, मदर टेरेसा क्रीसेंट मार्ग पर स्थित राजपत्रित अधिकारी मैस में पूर्व पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा के विदाई के अवसर पर भोज का आयोजन किया गया। इस सम्मान भोज में दिल्ली पुलिस के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ उनकी धर्मपत्नियाँ भी शामिल थीं।

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की नई अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक



31 जनवरी, 2017 को **श्री अमूल्य पटनायक** द्वारा **पुलिस आयुक्त** का पदभार ग्रहण करने के बाद **श्रीमती सूचना पटनायक** ने **दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति** की **अध्यक्षा** के पद को सुशोभित किया। जैसा कि आप सभी को विदित है कि किसी भी अर्धसैनिक बल या पुलिस संगठन के मुखिया की धर्मपत्नी उस बल या संगठन की कल्याण समिति की अध्यक्षा के तौर पर कल्याणार्थ कार्यो को आगे बढ़ाती हैं। इसी दिशा में **श्रीमती सूचना पटनायक** ने समिति की अध्यक्षा के तौर पर कल्याणार्थ कार्यो को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया है। समिति की अध्यक्षा का यह पद पूर्णतया अवैतनिक और इच्छाशक्ति पर निर्भर करता है। विदित हो कि श्रीमती सूचना पटनायक ने समिति की वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहते हुए सदैव कल्याणार्थ कार्यो को सम्पन्न कराने में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया था। समिति की अध्यक्षा के तौर पर कार्यभार संभालने के बाद श्रीमती सूचना पटनायक ने कहा है कि 'मैं दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की सभी पदाधिकारियो, वेलफेयर सेंटर के अधिकारियों एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सम्पूर्ण पुलिस परिवार को एकसूत्र में पिरोने एवं समिति के अधिकार क्षेत्रों में रहते हुए उनके लिए कल्याणार्थ कार्यो को नई दिशा प्रदान करने का यथासंभव प्रयास करूंगी।' उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि हमारी समिति की सभी पदाधिकारी पहले की तरह उसी उर्जा, निःस्वार्थ भाव और परोपकार की भावना से समिति के कार्यो को आगे बढ़ायेंगी। उन्होंने कहा कि मेरा सतत् प्रयास होगा कि पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों के हितों में चल रहे सभी कल्याणकारी कार्यों को दृढ़ता के साथ आगे बढ़ाने का हरसंभव प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न पुलिस कॉलोनियों में रहने वाले पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों से सुझाव आदि प्राप्त कर समिति को एक नई पहचान और सम्मान दिलाने का यथासंभव प्रयास करूंगी। समिति की पदाधिकारियों के उत्साह और समपर्ण भाव का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि समिति ने मात्र एक माह के अंदर अहाता किदारा, नई पुलिस लाइन, द्वारका, विकासपुरी, मालवीय नगर, शालीमार बाग, पीतमपुरा व जगतपुरी पुलिस कॉलोनियों में स्थित वेलफेयर सेंटरों में दिल्ली के प्रसिद्ध अस्पताल के डॉक्टरों के साथ मिलकर स्वास्थ्य कैंप आयोजित किये हैं।

एट होम (सत्कार समारोह)



महामहिम राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए समारोह के मेज़बान दम्पत्ति



उपराष्ट्रपति श्री हामिद अंसारी का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त



केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री किरण रिज़िजू का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त श्रीमति एवं श्री अमूल्य पटनायक



समारोह के मुख्य अतिथि महामहिम राष्ट्रपति एवं मेज़बान पुलिस आयुक्त

दिल्ली पुलिस के 70वें स्थापना दिवस के मौके पर पुलिस सप्ताह के दौरान 18 फरवरी, 2017 को 17 मदर टेरेसा क्रीसेंट मार्ग पर स्थित राजपत्रित अधिकारी मैस में ''एट होम'' (सत्कार समारोह) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी, उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को चार चांद लगा दिये। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक ने समारोह में मेज़बान की भूमिका निभाते हुए समारोह में आए गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। सत्कार समारोह में केन्द्रीय मंत्री डॉ0 हर्षवर्धन, गृह राज्यमंत्री श्री किरण रिजिजू, गृह राज्यमंत्री श्री हंसराज गंगाराम अहीर, उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल, पुद्दुचेरी की राज्यपाल श्रीमती किरण बेदी, सांसद श्रीमती मीनाक्षी लेखी, सांसद श्री महेश गिरी, सांसद श्री उदित राज, सांसद श्री जनार्दन द्विवेदी, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता श्री विजेन्द्र गुप्ता, दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा सुश्री स्वाति मालीवाल, सीबीआई निदेषक श्री आलोक कुमार वर्मा, भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री एम.बी. कौशल, श्री निखिल कुमार, श्री अजयराज शर्मा, श्री वी.एन.सिंह, श्री बी.के.गुप्ता, श्री भीम सेन बस्सी, आइजीपी चंडीगढ़ श्री तेजन्द्र सिंह लुथरा, प्रमुख समाचार पत्रों के संपादक व प्रिंट -इलेक्ट्रानिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकारों के साथ-साथ दिल्ली पुलिस के समस्त वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री हंसराज गंगाराम अहीर का स्वागत करते हुए श्रीमती एवं श्री अमूल्य पटनायक



उप राज्यपाल श्री अनिल बैजल का स्वागत करते हुए



पुदुचेरी की उप राज्यपाल श्रीमती किरण बेदी का स्वागत करते हुए सत्कार समारोह के मेज़बान दम्पत्ति



थल सेनाध्यक्ष श्री विपिन रावत का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

सत्कार समारोह में आमंत्रित अतिविशिष्ट अतिथिगण



सत्कार समारोह को अपनी गरिमामयी उपस्थिति से अलंकृत करने वाली विशिष्ट आमंत्रित महिलाओं का सामूहिक चित्र

खाटू श्याम स्टेडियम में 'मेगा सेल्फ डिफेंस डिस्प्ले' कार्यक्रम आयोजित

20 फरवरी, 2017 को पश्चिमी जिला इलाके में स्थित खाटू श्याम स्टेडियम में 'मेगा सेल्फ डिफेंस डिस्प्ले' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने हजारों की संख्या में मौजूद कॉलेज व स्कूल की छात्राओं को सम्बोधित किया। पुलिस आयुक्त ने महिलाओं के प्रति दिल्ली पुलिस की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि सशक्ति नाम से सम्पूर्ण दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जाएँगे। इस अवसर पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.बी.के. सिंह, विशेष पुलिस आयुक्त श्री दीपेन्द्र पाठक, उपायुक्त पुलिस श्री विजय कुमार के अलावा भारी संख्या में पश्चिमी परिक्षेत्र के पुलिस अधिकारी एवं जवान भी उपस्थित थे। गतवर्ष दिल्ली पुलिस ने विभिन्न कॉलेजों एवं स्कूलों की लगभग 20 हजार छात्राओं को नि:शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण देकर आत्मरक्षा के लिए सक्षम बनाया है। 'हमारी दिल्ली सुरक्षित दिल्ली' कार्यक्रम के तहत 1200 लड़कियों ने प्रशिक्षण शिविर में सीखे गुरों का शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 'पुलिस मित्रों' एवं बहादुर लड़कियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में आकाश में उड़ता विशाल गुब्बारा जिस पर 'हमारी दिल्ली सुरक्षित दिल्ली' लिखा हुआ था तथा छात्राओं द्वारा की गई चित्रकला की प्रदर्शनी कार्यक्रम के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु रहीं।











पुलिस मुख्यालय में अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न



16 जनवरी 2017 को पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एवं पड़ोसी राज्यों में मजबूत कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए खुंखार अपराधियों एवं आतंकवादियों के बारे में सूचना शेयर करने के साथ–साथ परस्पर बेहतर सम्बन्ध बनाने के लिए अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की। पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक में दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा पड़ोसी राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि परस्पर सूचनाओं का आदान–प्रदान करने के साथ–साथ दिल्ली पुलिस द्वारा जनहित में शुरू किये गये मोबाईल ऐपों को भी प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित करें। पुलिस आयुक्त ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को अपनी कार्यशैली में नई तकनीक व नए विचारों को शामिल करने के साथ जन भावनाओं का सम्मान करने पर विशेष जोर देना चाहिए।

399 नए पुलिस मित्र बनाकर कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ व प्रभावशाली बनाने में पुलिस का एक और बेहतरीन प्रयास

21 फरवरी, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने कालकाजी स्थित लोट्स टैंपल के ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में **'पुलिस मित्र योजना'** के तहत 399 नए पुलिस मित्रों (जिनमें महिला पुलिस मित्र भी हैं) को दिल्ली पुलिस में शामिल किया। इस अवसर पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.बी.के.सिंह, विशेष पुलिस आयुक्त श्री दीपेन्द्र पाठक, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री ऐ.के. सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री राजेश खुराना, उपायुक्त पुलिस श्री रोमिल बानिया** के अलावा दक्षिणी परिक्षेत्र के पुलिस अधिकारी, कर्मी एवं पुलिस मित्र योजना के तहत शामिल किये गये 399 नए सदस्य उपस्थित थे। दिल्ली की कानून व्यवस्था को और बेहतर व प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य के साथ–साथ समाज में आपसी भाईचारा, कौमी एकता व सदभावना बढ़ाने के उद्देश्य से दिल्ली पुलिस ने अब तक 1145 पुलिस मित्रों को अपनी कार्यशैली में शामिल किया है। इस मौके पर उपस्थित पुलिस मित्रों को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि गतवर्ष प्रदेश पुलिस अध्यक्षों के सम्मेलन में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विचार व्यक्त किये थे कि देश के प्रत्येक थाना क्षेत्रों में पुलिस मित्रों की व्यवस्था की जानी चाहिए। उनकी इसी सोच के परिणाम स्वरूप दिल्ली पुलिस ने पुलिस मित्र योजना का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग व समझदारी के जरिए जनता के करीब जाकर उनका विश्वास जीतने और उनकी समस्याओं को दूर करने की अपनी मुहिम के तहत दिल्ली पुलिस लगातार प्रयासरत है।

समाज में पुलिस के प्रति निरंतर बढ़ती उम्मीदों को पूरा करने की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए इन पुलिस मित्रों का सहयोग काफी कारगर साबित होगा और पुलिस व जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने और परस्पर विश्वास अर्जित करने में भी पुलिस मित्र सार्थक भूमिका निभाएंगे। दिल्ली पुलिस अधिनियम के तहत नियुक्त किए गए इन पुलिस मित्रों से इलाके में छेड़छाड़ रोकने, आदतन छेड़छाड़ की वारदातों में शामिल युवाओं की पहचान करने, आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविरों में मदद करने, चोरी, सेंधमारी व लूटपाट आदि की वारदातों की सूचनाएं एकत्रित करने के साथ–साथ स्कूल ड्रॉप करने व अनुपस्थित रहने वाले बच्चों की जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी।









पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मीडियाकर्मियों से अनौपचारिक बातचीत



13 फरवरी, 2017 को 11 शामनाथ मार्ग स्थित राजपत्रित अधिकारी मैस में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मीडियाकर्मियों के साथ अनौपचारिक भेंट की। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ–साथ भारी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। अनौपचारिक बातचीत के बाद उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं मीडिया ने सामुहिक भोज का लुत्फ उठाया और गतवर्ष के आपराधिक आंकड़ों से संबंधित दिल्ली पुलिस के **"Annual Review 2016"** की प्रति भेंट की गई। पुलिस आयुक्त की श्री अमूल्य पटनायक और दिल्ली पुलिस के प्रमुख प्रवक्ता **विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री ताज हसन** एवं प्रवक्ता **संयुक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिण–पश्चिमी परिक्षेत्र) श्री दीपेन्द्र पाठक** ने उपस्थित मीडियाकर्मियों से मुलाकात कर मीडिया और पुलिस के बीच परस्पर मजबूत संबंधों पर भी बातचीत की।

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने कल्याणार्थ कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाया

अहाता किदारा पुलिस कॉलोनी में चिकित्सा कैम्प आयोजित







दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की नई अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक के नेतृत्व में समिति ने कल्याणार्थ कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को नए जोश और ऊर्जा के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। इसी दिशा में 17 फरवरी, 2017 को पुलिस कॉलोनी अहाता किदारा में एक स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया। मेदांता अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों की देखरेख में आयोजित इस स्वास्थ्य कैम्प का सैकड़ों पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों ने लाभ उठाया। इस मौके पर समिति की वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुशी सिंह के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित थीं।

मॉडल टाउन एवं नई पुलिस लाईन कॉलोनी में खेल प्रतियोगिताओं एवं स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन









दिल्ली पुलिस सप्ताह के दौरान 19 फरवरी , 2017 को दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने मॉडल टाउन एवं नई पुलिस लाईन पुलिस कॉलोनियों में खेल प्रतियोगिता एवं स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया। इस मौके पर समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। बीएल कपूर अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों की एक टीम ने पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच की। कार्यक्रम के दौरान समिति की अध्यक्षा सहित अन्य पदाधिकारियों ने दोनों पुलिस कॉलोनियों में पौधारोपण किया और कॉलोनीवासियों को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

विकासपुरी पुलिस कॉलोनी में स्वास्थ्य जाँच शिविर सम्पन्न







20 फरवरी, 2017 को दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर फोर्टिस अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों ने पुलिसकर्मियों एवं परिजनों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की और उन्हें अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए उचित परामर्श भी दिया। कार्यक्रम में समिति की अधिकांश वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मालवीय नगर पुलिस कॉलोनी में स्वास्थ्य जाँच शिविर सम्पन्न







21 फरवरी, 2017 को दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुशी सिंह ने मालवीय नगर पुलिस कॉलोनी वेलफेयर सेंटर द्वारा संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। इस मौके पर वेलफेयर सेंटर की प्रभारी श्रीमती गीता पाठक व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। समिति द्वारा दिल्ली पुलिस सप्ताह के दौरान आयोजित हुए कार्यक्रमों के अंतर्गत पुलिस कॉलोनी मालवीय नगर में मेंदांता अस्पताल के डॉक्टरों की देखरेख में एक स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया।

शालीमार बाग व पीतमपुरा पुलिस कॉलोनी में स्वास्थ्य जाँच शिविर सम्पन्न







दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने 22 फरवरी, 2017 को पुलिस कॉलोनी शालीमार बाग एवं पुलिस कॉलोनी पीतमपुरा में क्रमशः मेंदांता एवं बीएल कपूर अस्पतालों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में स्वास्थ्य जांच शिविर सम्पन्न कराए। इन दोनों शिविरों का उद्घाटन करते हुए समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने उपस्थित पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक व सचेत रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर समिति की पदाधिकारियों ने दोनों कॉलोनियों में वेलफेयर सेंटरों द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों का अवलोकन किया और स्वयं पौधारोपण करते हुए कॉलोनीवासियों से साफ-सफाई बनाए रखने का अनुरोध किया।

थानों में जनता के लिए और अधिक दोस्ताना और विश्वसनीय माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'पब्लिक फैसिलिटेशन डेस्क' पर महिला उप-निरीक्षकों की तैनाती



17 फरवरी, 2017 को नई दिल्ली जिला के थाना कनॉट प्लेस में आयोजित एक क्रार्यक्रम में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने **'पब्लिक फैसिलिटेशन डेस्क'** का उद्घाटन किया। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री अजय कश्यप, श्री पी.कामराज, श्री एस.बी.के. सिंह, श्री मुकेश कुमार मीणा तथा उपायुक्त पुलिस (नई दिल्ली जिला) श्री बी.के.सिंह के अलावा भारी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा फैसिलिटेशन डेस्कों पर तैनात किये जाने वाली महिला पुलिस अधिकारी व मीडियाकर्मी उपस्थित थे। इस मौके पर सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि थानों में नागरिकों, विशेष कर महिलाओं को और अधिक सुविधाजनक और दोस्ताना व्यवहार मिलें इसीलिए पायलट प्रोजेक्ट के तौर 'पब्लिक फैसिलिटेशन डेस्क' की शुरूआत की गई है। फिलहाल दिल्ली के 20 थानों में 60 महिला उपनिरीक्षकों को तैनात किया गया है जो तीन पारियों में थानों के पब्लिक फैसिलिटेशन डेस्क पर काम करेंगी। शीघ्र ही इस योजना को दिल्ली के सभी थानों में क्रियान्वित किया जाएगा। विशेष तौर से प्रशिक्षित और विशेष वेशभूषा में तैनात ये महिला पुलिस अधिकारी सीधे संबंधित उपायुक्त पुलिस के दिशा-निर्देश में काम करेंगी। पुलिस कार्यप्रणाली में ऐसा महसूस किया गया कि थानाध्यक्ष या मामले से संबंधित जॉच अधिकारी किन्हीं अन्य कारणों से व्यस्त होने पर थाने में आने वाले आगुंतकों को उचित समय नहीं दे पाते या उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं सुन पाते। इन महिला पुलिस अधिकारियों की तैनाती होने से थानों में आने वाले शिकायतार्कताओं, विशेषकर महिला शिकायतकर्ताओं को अच्छा माहौल मिलेगा और आत्मविश्वास के साथ अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे और उनकी शिकायतों का निवारण भी सरलता से हो सकेगा।







सिक्योरिटी पुलिस लाईन की आधारशिला रखी







30 जनवरी 2017 को तत्कालीन पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा ने चाणक्यपुरी में सिक्योरिटी पुलिस लाईन की आधारशिला रखी। इस अवसर पर तत्कालीन विशेष पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री टीएन मोहन, विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी कामराज, विशेष पुलिस आयुक्त श्री एसबीके सिंह, विशेष पुलिस आयुक्त श्री अरविंद दीप, विशेष पुलिस आयुक्त श्री ताजहसन, विशेष पुलिस आयुक्त श्री बालाजी श्रीवास्तव, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री ए.के. सिंह तथा संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री सुनील गर्ग भी उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली पुलिस के 15 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी पुलिस पदक से सम्मानित

गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली पुलिस के 15 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को वीरता के लिए, विशिष्ठ सेवाओं के लिए तथा सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित होने वालों में इंस्पेक्टर शिवकुमार, एएसआई चंद्रवीर तथा कां. रविदत्त, विशिष्ठ सेवाओं के लिए एसीपी कांता प्रसाद कुकरेती एवं महिला एएसआई मधुबाला दीक्षित तथा सराहनीय सेवाओं के लिए एसआई हरबीर सिंह, एसआई खजान सिंह, एसआई नीरू अग्रवाल, एएसआई पुष्पा, हैडकां. जयभगवान, हैडकां. हरप्रसाद, हैडकां. रजनी लाकड़ा, हैडकां. सुनीता, हैडकां. कृष्ण कुमार गौड़ तथा कां. राजपाल शामिल हैं।

वीरता के लिए


इंस्पेक्टर शिवकुमार


एएसआई चंद्रवीर


कां. रविदत्त

विशिष्ठ सेवाओं के लिए


एसीपी कांता प्रसाद कुकरेती


एएसआई मधुबाला दीक्षित

सराहनीय सेवाओं के लिए


एसआई हरबीर सिंह


एसआई खजान सिंह


एसआई नीरू अग्रवाल


एएसआई पुष्पा


हैडकां. जयभगवान


हैडकां. हरप्रसाद


हैडकां. रजनी लाकड़ा


हैडकां. सुनीता


हैडकां. कृष्ण कुमार गौड़


कां. राजपाल

गणतंत्र दिवस पर दिल्ली पुलिस का बैंड व मार्चिंग दस्ता


26 जनवरी, 2017 को गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में शामिल दिल्ली पुलिस का चिरपरिचत बैंड एवं दिल्ली पुलिस की मार्चिंग टुकड़ी राजपथ के सामाने से अनुशासन एवं लय के साथ गुजरती हुई

पदोन्नतियों की लहर बरकार....

गतवर्ष दिल्ली पुलिस में मिली हज़ारों पदोन्नतियों से पुलिस अधिकारी एवं कर्मियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। नए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने भी पदोन्नतियों की लहर को बरकरार रखा है। इसी श्रृंखला में माह जनवरी - फरवरी, 2017 के दौरान 300 पुलिसकर्मियों को अगले पदों पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत होने वालों में मिनिस्ट्रीयल वर्ग के 133 एसआई, 10 एएसआई व 12 हैडकां. (कुल 155), कार्यकारी वर्ग के 3 इंस्पेक्टर, 3 एसआई, 3 एएसआई, 28 हैडकां0 तथा 3 कां0 (कुल 40), 31 हैडकां. ड्राईवर से एएसआई ड्राईवर, तथा 1 कां. ड्राईवर से हैडकां. ड्राईवर (कुल 32) तथा 1 एसआई, 6 एएसआई, 44 हैडकां0 तथा 22 कां0 अन्य (तकनीशियन/ वायरलैस ऑपरेटर) आदि शामिल हैं।

पुलिस आयुक्त द्वारा ओखला विहार मैट्रो थाने का उद्घाटन



27 फरवरी, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने ओखला विहार मैट्रो थाने का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दिल्ली मैट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के चेयरमैन **मंगू सिंह, विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, श्री मुकेश कुमार मीणा, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आर. पी.उपाध्याय, उपायुक्त पुलिस श्री रोमिल बानिया** सहित काफी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। इस मौके पर पुलिस आयुक्त ने कहा कि मैट्रो थाना खुलने से इस मार्ग की मैट्रो में सफर करने वाले लाखों यात्रियों को किसी भी वारदात के घटित होने पर तत्काल हरसंभव मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को सदैव नागरिकों की सेवा में तत्पर रहना चाहिए।





तृतीय शीतकालीन आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह





18 फरवरी, 2017 को नारायणा स्थित **ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल** में तृतीय शीतकालीन निःशुल्क आत्मरक्षा शिविर का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस महिलाओं/छात्राओं की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का सदैव स्मरण रखती है और महिलाओं/छात्राओं के प्रति होने वाले किसी भी अपराध से निपटने में पूरी सजगता और संवेदनशीलता के साथ काम करती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस की मुहिम 'अब नहीं है डरना' दिल्ली मे महिलाओं/छात्राओं में आत्मविश्वास जागृत करने के साथ साथ उन्हें ऐसे कार्यक्रमों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित भी करती है। विशेष पुलिस इकाई, महिला एवं बाल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में **विशेष पुलिस आयुक्त श्री दीपेन्द्र पाठक, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री रोबिन हिबू,** ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सुमति आनंद के अलावा दिल्ली पुलिस की प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मियों की टीम भी उपस्थित थी।





बाहरी जिला में प्रहरी योजना का शुभारंभ



दिल्ली पुलिस सप्ताह के दौरान 22 फरवरी, 2017 को बाहरी जिला के थाना अमन विहार में प्रहरी योजना का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त एसबीके सिंह, विशेष पुलिस आयुक्त पी. कामराज, विशेष पुलिस आयुक्त श्री दीपेन्द्र पाठक, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.पी. उपाध्याय, उपायुक्त बाहरी जिला श्री ऋषिपाल, अति.उपा. पुलिस श्री पंकज सिंह के अलावा भारी संख्या में पुलिसकर्मी व प्रहरी योजना में शामिल नागरिक उपस्थित थे। इस मौके पर सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को अपने इलाके की शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में शामिल करना एक अच्छी पुलिस कार्यप्रणाली का हिस्सा है। इस मौके पर पुलिस आयुक्त ने स्वेच्छा से बने इन सुरक्षा प्रहरियों को प्रमाण पत्र एवं ड्रेस किट भेंट की।





प्रहरी योजना में शामिल नागरिकों को प्रमाण पत्र व ड्रेस किट भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण





इंडिया गेट पर सड़क सुरक्षा जागरूकता पदयात्रा का आयोजन





9 जनवरी 2017 को इंडिया गेट पर सड़क परिवहन मंत्रालय एवं दिल्ली पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस मौके पर **केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री हंसराज गंगाराम अहीर, सांसद श्री मनोज तिवारी, पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा, विशेष पुलिस आयुक्त श्री अजय कश्यप** एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता पदयात्रा में भाग लेने वाले स्कूली छात्र व छात्राएं उपस्थित थे। एक सप्ताह चले इस कार्यक्रम में स्कूली छात्र–छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों से संबंधित वाद–विवाद प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न केवल बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना था बल्कि बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को भी सड़क सुरक्षा यानी परिवार की सुरक्षा का संदेश देने का प्रयास करना था।

अच्छी तफ्तीश

7 वर्षीय अपहृत बच्चे को 24 घंटे के अंदर सकुशल मुक्त कराने वाली टीम की कार्यकुशलता को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं नागरिकों ने भी सराहा



25 फरवरी, 2017 की शाम उत्तर पश्चिमी जिला के थाना सुभाष प्लेस इलाके में स्थित राजा पार्क इलाके से एक 7 वर्षीय बच्चे का अपहरण कर अगले दिन फिरौती के रुप में 5 लाख रुपये की मांग की गई। थाना सुभाष प्लेस में मामला दर्ज कर बच्चे की सकुशल रिहाई के लिए प्रयास किये गये। **उपायुक्त पुलिस उत्तर पश्चिमी जिला श्री मिलिंद डुमरें** और **अति0 उपा0पु0 श्रीमती विजयंता आर्य** ने **एसीपी सरस्वती विहार श्री राजा भाटिया** के नेतृत्व में **इंस्पेक्टर संजीव कुमार, एसआई प्रमोद, एसआई श्री भगवान ओझा, कां0 महेश चंद** तथा **एसीपी अशोक विहार श्री विकास कुमार** के नेतृत्व में **इंस्पेक्टर बलिहार सिंह, एसआई मंजीत** तथा **कांस्टेबल सोमबीर** सहित कई और तेज–तर्रार सिपाहियों की टीमें गठित की। दोनों पुलिस टीमों ने पारिवारिक दुश्मनी, पैसों के लेन–देन, विवाद, व्यक्तिगत दुश्मनी आदि बातों को ध्यान में रख कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि शकूरपुर इलाके में रहने वाले पीड़ित बच्चे की मौसी के तथाकथित प्रेमी मो0 कपिल ने बच्चे को अपहृत किया है। पुलिस टीम ने जाल बिछा कर अभियुक्त मो0 कपिल को उसके दो अन्य साथियों के साथ गिरफ्तार करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद करने में शानदार सफलता अर्जित की। बच्चे के अपहरण का कारण बच्चे के नाना द्वारा अभियुक्त व बच्चे की मौसी के संबंधों पर एतराज जताना था। पुलिस आयुक्त **श्री अमूल्य पटनायक** ने पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए भविष्य में इसी उत्साह के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर टीम के सदस्यों के अलावा विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.बी.के. सिंह तथा विशेष पुलिस आयुक्त श्री संजय सिंह भी उपस्थित थे।

50 हजार रुपये के इनामी बदमाश के साथ हुई मुठभेड़ में अदम्य साहस व पेशेवर निपुणता का परिचय देने वाली पुलिस टीम को पुलिस आयुक्त ने सम्मानित किया।



28 जनवरी, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा** ने दक्षिण–पूर्वी जिला के स्पेशल स्टाफ में तैनात **इस्पेक्टर राजेन्द्र कुमार, एसआई योगेश कुमार, एसआई राजेन्द्र डागर, एसआई जितेन्द्र मलिक, एएसआई सुखबीर, एएसआई श्यामबीर, हैडकां0 नरेश कुमार, कां0 जितेन्द्र , कां0 प्रवीण** की टीम को एक मुठभेड़ के दौरान इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में दिखाई गई वीरता, अच्छी सूझबूझ और पेशेवर निपुणता के लिए बधाई देते हुए, उनके काम की सराहना की। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.पी. उपाध्याय** सहित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे। जिले के स्पेशल स्टाफ में तैनात एएसआई सुखबीर सिंह को पुख्ता जानकारी मिली थी कि 50 हजार रुपये का ईनामी एवं खूंखार बदमाश कासिम मुल्ला मोदी फ्लाई ओवर की तरफ आएगा। सूचना पुख्ता होने पर पुलिस टीम ने बुलेट प्रूफ जैकेट पहन कर बदमाश को दबोचने के लिए जाल बिछाया। कई संगीन वारदातों में शामिल जब यह बदमाश मोटरसाइकिल पर ओखला–फेज़ 111 रोड, मोदी फ्लाई ओवर की तरफ से आया तो पुलिस टीम ने उसे ललकारा तो उसने पुलिस पार्टी पर 4 राउंड फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। परन्तु पहले से सजग पुलिस टीम ने स्वयं का बचाव करते हुए इस बदमाश को धर–दबोचने में सफलता पाई। पूछताछ पर पता चला कि पकड़ा गया खूंखार बदमाश कई संगीन आपराधिक वारदातों में संलिप्त था।

डकैती के दौरान हत्या करने वाली नाबालिगों को दबोचने वाली पुलिस टीम के काम को वरिष्ठ अधिकारियों ने सराहा।



मध्य जिला के थाना प्रसाद नगर की एक जांबाज पुलिस टीम के सदस्यों की त्वरित कार्यवाही और अच्छी सूझबूझ को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने काफी सराहा। 16/17 फरवरी की रात दो नाबालिग युवकों ने एक 26 वर्षीय रिक्शाचालक को लूटने के दौरान विरोध करने पर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। कां0 मुकेश व होमगार्ड कां0 नीरज उस समय इलाके में मोटरसाइकिल पर इलाका गश्त कर रहे थे। उन्हें घटना की जानकारी मिली तो पूरी स्फूर्ति के साथ घटनास्थल की तरफ दौड़े और मौके से फरार हो रहे दो युवकों को दौड़ कर धर–दबोचा। ये दोनों युवक मात्र 185 रुपये के लिए रिक्शाचालक की हत्या कर मौके से फरार होने का प्रयास कर रहे थे। दोनों पुलिसकर्मियों द्वारा मौके पर बरती गई अच्छी सूझबूझ और तत्परता को क्षेत्रीय निवासियों ने काफी सराहा था। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.बी.के. सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलचा, उपायुक्त पुलिस श्री मनदीप सिंह रंधावा, एसीपी व थानाध्यक्ष प्रसाद नगर** भी उपस्थित थे।

अच्छी कामयाबी

1.30 करोड़ रुपये मूल्य के चोरी के 735 स्मार्टफोन बरामद कर 8 अभियुक्तों के गिरोह को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम पुलिस आयुक्त द्वारा प्रोत्साहित।



पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 27 फरवरी, 2017 को दक्षिण–पूर्वी जिला के थाना ओखला की एक पुलिस टीम को अपने कार्यालय में बुलाकर शाबाशी दी और उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। एसीपी कालकाजी **श्री अमित गोयल** के मार्गदर्शन में और थानाध्यक्ष ओखला **अतुल कुमार** के नेतृत्व में **एसआई अनूज चौधरी, एसआई राकेश शर्मा, एसआई चंदन, एसआई लोकेन्द्र, एएसआई विरेन्द्र, एएसआई हुक्मचंद, हैडकां0 अशोक, हैडकां0 सतीश, हैडकां0 नरेन्द्र मलिक, कां0 राहुल, कां0 रवीन्द्र, कां. कंवलदीप, कां0 रवि, कां0 नवतेज तथा कां0 नरेन्द्र** की टीम ने 1.30 करोड़ रुपये मूल्य के चोरी के 735 स्मार्टफोन बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की थी। इस तेजतर्रार पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किये गिरोह के सदस्यों ने पूछताछ पर खुलासा किया कि वे राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व दिल्ली आदि से मोबाइल चोरी कर उनका पैटर्न लॉक खोलकर व आईएमईआई बदल उन्हें गफ्फार मार्केट में बेचते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में पानीपत निवासी गोरव कुमार मोबाइल फोन का पैटर्न लॉक खोलने और आईएमईआई नंबर बदलने में एक्सपर्ट बताया गया।

40 लाख रुपये मूल्य के चोरी के आभूषण बरामद करने वाली पुलिस टीम सम्मानित



पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने पूर्वी जिला के थाना आनंद विहार थाने में तैनात **कां0 संदीप कुमार** को अपने कार्यालय में बुलाकर शाबाशी देते हुए कहा कि आप के द्वारा बरती गई ऐसी चौकसी और सजगता से ही अपराधों पर अकुंश लगाने में सफलता मिलती है। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.बी.के.सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलचा, उपायुक्त पुलिस श्री ओमबीर सिंह बिश्नोई** भी उपस्थित थे। आनंद विहार बस अडड़ा पर तैनात कां0 संदीप कुमार ने उत्तर प्रदेश रोडवेज बस स्टैंड पर एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में देखा। जब कां0 संदीप ने उस व्यक्ति से पूछताछ की तो वह आनाकानी करने और उससे दूर भागने का प्रयास करने लगा। सतर्क सिपाही संदीप कुमार ने तत्काल टेलीफोन कर चौकी प्रभारी मौसम घनी, एएसआई महिपाल सिंह व कां0 ललित को मौके पर बुलाया। पुलिस टीम के चारों सदस्यों ने मिलकर संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके बैग से लगभग 40 लाख रुपये मूल्य के चोरी के आभूषण बरामद करने में शानदार सफलता प्राप्त की। पूछताछ पर पता चला कि यह व्यक्ति करनाल (हरियाणा) इलाके में किसी के घर में सहायक की नौकरी करते हुए रात्रि के समय घर से आभूषण चोरी कर बदायूं अपने गांव अबदुल्ला गंज भागने का प्रयास कर रहा था।

कृष्णा नगर पोस्ट ऑफिस डकैती की वारदात सुलझाने वाली पुलिस टीम पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित



पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 22 फरवरी, 2017 को पूर्वी जिला की एक पुलिस टीम को अपने कार्यालय में बुलाकर उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली और सजगता के लिए मुबारकबाद दी। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.बी.के. सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलचा, उपायुक्त पुलिस पूर्वी जिला श्री ओमबीर सिंह बिश्नोई, एसीपी मधु विहार श्री दिनेश शर्मा** के अलावा टीम के अन्य सदस्य **इंस्पेक्टर मनीष जोशी, एसआई मौसम घनी, हैडकां0 नरेन्द्र सिंह** तथा **कां0 कुलदीप सिंह** भी मौजूद थे। 19/20 फरवरी की रात आनंद विहार बस अड्डा के मुख्य द्वार पर तैनात हैडकां0 नरेन्द्र व कमांडो कुलदीप सिंह ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को एक तिपहिया से उतर कर बस अडड़ा की तरफ आते हुए देखा। इन दोनों पुलिसकर्मियों ने जब इन दोनों संदिग्धों से पूछताछ करनी चाही तो दोनों इधर–उधर भागने लगे। हैडकां0 नरेन्द्र व कुलदीप ने एक व्यक्ति को दबोचने का प्रयास किया तो उसने भरा हुआ देशी कट्टा निकाल कर पुलिसकर्मियों पर तान कर भागने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। एसीपी मधु विहार श्री दिनेश शर्मा व थानाध्यक्ष मधुविहार मनीष जोशी तत्काल मौके पर पहुंचे। दबोचे गये व्यक्ति के कब्जे से 100 रुपये मूल्य के नोटों के 3 बंडल मिले जिन पर सब पोस्ट ऑफिस विवेक विहार लिखा हुआ था। सख्ती से पूछताछ पर अभियुक्त ने खुलासा किया कि फरार हुए उसके साथी योगेश और इकलास, नौशाद, दीपक व तीन अन्य व्यक्तियों ने मिलकर जीपीओ कृष्णा नगर में 16 लाख रुपये की डकैती की वारदात को अंजाम दिया था।

31 जनवरी व 28 फरवरी, 2017 को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण



श्री किशन कुमार, विशेष पुलिस आयुक्त (प्रशिक्षण)



श्री अनिल कुमार ओझा, संयुक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक)



एसीपी, श्री नेत्रपाल (छठी बटालियन)



एसीपी, श्री प्रवीण तुली (पुलिस मुख्यालय)



एसीपी, श्री रणबीर सिंह (तृतीय वाहिनी)



एसीपी, श्री संतोष कुमार (सुरक्षा)



एसीपी श्री सतीश कुमार वर्मा (ट्रेफिक)



एसीपी श्री वेद प्रकाश (लाईसेंसिंग)



वि.पु.आ.श्रीमती एस.सुन्दरी नंदा के दिल्ली पुलिस से वीपीआरएंडडी में स्थानांतरित होने पर पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा ने उन्हें नए दायित्व की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

पदोन्नति की हार्दिक शुभकामनाएँ









पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार AGMUT CADRE के 4 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को **संयुक्त पुलिस आयुक्त** से **विशेष पुलिस आयुक्त** के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति पाने वाले वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों में शामिल हैं **श्री तेजेन्द्र सिंह लूथरा (चंडीगढ़), श्री संजय सिंह (उत्तरी परिक्षेत्र), श्री दीपेन्द्र पाठक (पश्चिमी परिक्षेत्र), डॉ0 विवेक गोगिया (गोवा)।**



एसीपी श्री सुंदर देव (ट्रैफिक)



एसीपी श्री ओमवीर सिंह (उ.प. जिला)



एसीपी श्री अशोक कुमार सरोहा (ट्रैफिक)



एसीपी श्री अमृत कुमार (एयरपोर्ट)



सम्पादक

सम्पादक : श्री राजीव रंजन उपायुक्त पुलिस (जन सम्पर्क अधिकारी)
सह-सम्पादक : निरीक्षक सतबीर सिंह, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली।



सह-सम्पादक